तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 0.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

10 मनरेगा का नाम बदल कर महात्मा गांधी के विचारों...



10 हाईकोर्ट के फैसले मुताबिक सरकार...



## खबर संक्षेप

### अंबालाः डिजिटल अरेस्ट में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में संलिप्त अन्य आरोपी आदर्श सिंह उर्फ सोनू उर्फ ठाकुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लगभग 16 लाख रूपये बरामद किए जा चुके हैं। पीडित महिला ने 16 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 सितंबर 2025 से 16 सितंबर 2025 के दौरान आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में उससे लगभग 1 करोड़ रूपये धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### अवैध कालोनियों में चला पीला पंजा

**पानीपत।** नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, पानीपत द्वारा वीरवार को अवैध कालोनियों के विरुद्ध तोड़फोड़ अभियान सफलता पूर्वक चलाया गया। इसमें छह अनाधिकृत कॉलोनियों के दो अनाधिकृत ढांचे को गिराया गया। इनमें 25 निर्माणाधीन मकान, 20 डीपीसी, पूरा कच्चा सड़क नेटवर्क, चार चारदीवारी और सीमांकन शामिल थे। यह कार्रवाई गांव तरफ इंसार, तरफ राजपूतान, गढ़ीवाड़ा, मेहराना, सिवाह, बलाना व इसराना तहसील और जिला पानीपत के राजस्व क्षेत्र में करीब चालीस एकड क्षेत्र में चलाया गया।

### समालखा में बदमाशों की शिनाख्त परेड

**समालखा।** पानीपत जिले में समालखा के गुड़मंडी गेट स्थित प्रसिद्ध हलवाई से एक करोड़ की रंगदारी मांगने और गोली चलाने के मामले में गिरफ्तार तीनों बदमाशों को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने घटनास्थल पर शिनाख्त परेड करवाई। स्मरणीय है कि तीनों बदमाश छह दिन के पुलिस रिमांड पर है। रिमांड के दौरान उनसे घटना से संबंधित विस्तृत पूछताछ की जा रही है। वहीं सीआईए इंचार्ज विजय कुमार ने बताया कि बदमाशों ने इलाके में अपना दबदबा बनाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। घटनास्थल पर लाकर लोगों के मन से भय दूर करने का प्रयास किया गया है।

### कचरा डालने वाले दस दुकानदारों के चालान

**तरावड़ी।** स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों की गति बढ़ाते हुये सचिव अजीत कुमार नगर पालिका तरावड़ी के दिशा निर्देश अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों का अगाज हो चुका है। नपा सचिव अजीत कुमार ने बताया कि भारत सरकार के स्वच्छता के सर्वेक्षण में हमारे शहर तरावड़ी का अच्छा रैंक आ सके इसके लिए हमने स्वच्छता के कार्यों की टीम का गठन कर दिया है। सर्वेक्षण कार्यों के अंतर्गत वार्ड-5 फूटी तरावड़ी में बच्चों और महिलाओं को स्वच्छता और साफ सफाई के बारे में जागरूक किया और शहीद भगत सिंह मार्केट में अतिक्रमण लगाने और सडक़ पर कचरा डालने वाले दस दुकानदारों के चालान किए।

# घने कोहरे की चादर में लिपटा यमुनानगर, शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में घना कोहरा पड़ने और शीतलहर चलने के साथ आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बढ़ने से लोगों की कंपकपी छुट रही है। आलम यह है कि मौसम में ठंड बढ़ने से सारा सारा दिन बुजुर्ग व बच्चे घरों में कैद होकर रह गए हैं। वहीं, आए दिन घना कोहरा छाए रहने और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो रही है।

वीरवार को भी अल सुबह से जिला घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा रहा और शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वीरवार तड़के तीन बजे से ही जिले में घने कोहरे का प्रकोप शुरू हो गया था और शीतलहर चलने लगी थी। दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब घना कोहरा तो कुछ छंट गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। आसमान में छाए घने बादलों व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे।



यमुनानगर। वीरवार को जिले में छाया घना कोहरा। *फोटो : हरिभूमि*

## तापमान में लगातार गिरावट जारी

### *लगातार बढ़ रही हाड़ गलाने वाली ठंड*

*मौसम में लगातार बढ़ रही हाड़ गलाने वाली ठंड में जिले के तापमान में भी गिरावट जारी है। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*



यमुनानगर। वीरवार को जिले में घने कोहरे में लाइटें जलाकर चलते वाहन। *फोटो : हरिभूमि*

## घने कोहरे का सब्जियों की फसलों पर पड़ने लगा असर

सब्जी उत्पादक किसान मायाराम, जसबीर सिंह, मंशा राम, बिट्टू, दीपक व कंवरपाल का कहना है कि पिछले कई दिनों से लगातार घना कोहरा पड़ रहा है। घने कोहरे के साथ शीतलहर चल रही और पाले का असर देखा जा रहा है। जिससे उनकी जहां खेतों में खड़ी आलु की फसल के पत्ते सूखने लगे हैं। वहीं, शिमला मिर्च समेत अन्य सब्जियों की पौध पर असर पड़ना शुरु हो गया है। उन्होंने सब्जियों की पनीरी को कपड़े आदि से ढ़ककर रखना पड़ रहा है। वहीं, किसान बलजीत सिंह, मनोहर, सुरेंद्र व प्रदीप आदि का कहना है कि मौसम में अधिक ठंड का बढ़ना गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। हालांकि उनका कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में अभी तक बारिश नहीं हुई है। यदि मौसम में ठंड बढ़ने के साथ बारिश भी हो जाए तो गेहूं की फसल की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है।

### सप्ताह में दो बार सिंचाई करें

कृषि विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार का कहना है कि घने कोहरे और पाले से सब्जी की फसलों को बचाने के लिए सप्ताह में दो बार सिंचाई करनी चाहिए। सिंचाई करने से आलु समेत अन्य सब्जी की फसलों पर पाले का प्रभाव पड़ने के कम संभावना होती है।

## सतर्कता जरूरीः कुरुक्षेत्र के लाडवा और यमुनानगर में धुंध के कारण दो सड़क हादसे

### कार की चपेट में आई बाइक *दोनों दोस्त एकेडमी से लौट रहे थे घर*

# कराटे खिलाड़ी की हादसे में मौत, दोस्त की हालत गंभीर

*हादसे के बाद राहगीरों ने सरकारी एम्बुलेंस को फोन किया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

थाना पुलिस के अंतर्गत धुंध के कारण तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में 19 वर्षीय कराटे खिलाड़ी की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों एकेडमी से वापस घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान गांव जोगी माजरा निवासी एकांत के रूप में हुई।

एकांत लाडवा की भरपूर कालोनी स्थित यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी में करीब एक साल से जूडो कराटे की कोचिंग ले रहा था। उसका दोस्त गांव गुढ़ा निवासी रोहन भी उसके साथ ही ट्रेनिंग करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### लाडवा थाने में शिकायत दर्ज कराई

गांव जोगी माजरा निवासी जसबीर सिंह ने लाडवा थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह टाइल लगाने का काम करता है। उसने गांव धनौरा जाटान में ठेका लिया हुआ था। बुधवार सायं वह काम खत्म करके अपनी मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहा था। रास्ते में उसका भतीजा एकांत मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त रोहन को पीछे बैठाकर एकेडमी से घर जा रहा था। धुंध ज्यादा होने की वजह से दोनों अपनी-अपनी साइड में चल रहे थे। गांव दुगारी पहुंचते ही सामने से एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार आई और एकांत की मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगते ही एकांत और रोहन मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। उसने मोटरसाइकिल रोक कर दोनों को संभाला। हादसे के बाद राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन किया। वह तुरंत उनको लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टरों ने एकांत को मृत घोषित कर दिया। रोहन को गंभीर हालत में एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जसबीर सिंह की शिकायत पर कार नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया।

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार किशोर की जान गई, दो साथी घायल

**यमुनानगर।** शहर के पांसरा रेलवे फाटक के पास नम्बरदार धर्मकांटा के सामने देर शाम ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई जबकि बाइक सवार दो साथी घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के समय धुंध अधिक होने के कारण ट्रक का नंबर नोट नहीं हो सका। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वीरवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बिहार के जिला समस्तीपुर थाना विभूतिपुर के वार्ड नंबर पांच निवासी राम बाबू साहनी ने पुलिस को बताया कि वह करनाल के राइस मिल में काम करता है जबकि उसका 12 वर्षीय बेटा विक्रम अपनी मां के साथ यमुनानगर में किराय के मकान में रहता है। बुधवार को देर शाम उसका बेटा विक्रम अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। बाइक उसका बेटा चला रहा था जबकि उसके दोस्त पीछे बैठे थे। जब वह पांसरा रेलवे फाटक के पास नम्बरदार धर्मकांटा के सामने पहुंचे तो थर्मल प्लांट की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद विक्रम सड़क पर गिर गया और ट्रक का अगला टायर ऊपर से गुजर गया, उसकी मौके पर मौत हो गई। उसके साथ मौजूद दोनों दोस्तों को भी चोटें आई हैं। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि विक्रम को मृत घोषित कर दिया गया।

**पांसरा फाटक के पास नम्बरदार धर्मकांटा के सामने हादसा**

## कुरुक्षेत्र निवासी ने रादौर थाने में दी शिकायत

# भाई पर पैतृक संपत्ति और 60 लाख की एफडी हड़पने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई पर पैतृक संपत्ति और 60 लाख रुपये की एफडी हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र निवासी सुरेश चंद्र कंबोज ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पेशे से वकील रहे हैं और 2013 में सरकारी वकील पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके पिता स्व. प्रेमचंद ने अपने जीवनकाल में वर्ष 2006 में अपनी चल-अचल संपत्ति की रजिस्टर्ड वसीयत सुरेश चन्द्र और रमेश चन्द्र दोनों भाइयों के नाम करवाई थी।

खेतीबाड़ी की जमीन दोनों भाइयों में बांट दी गई थी और वह अपने हिस्से की जमीन गांव में ठेके पर देता रहा। पिता की सितंबर 2022 में मृत्यु के बाद आरोपी रमेश चन्द्र और उसके बेटे गगन ने साजिश रचकर पिता से संबंधित असल वसीयत, बैंक पासबुक और एफडीआर अपने कब्जे में रख ली। आरोप है कि रजिस्टर्ड वसीयत के अनुसार इंतकाल कराने के बजाय, बदनीयती से विरासत के आधार पर तीन हिस्सों में इंतकाल करवा दिया गया। जिसमें एक हिस्सा बहन के नाम भी दर्शाया गया।

### केस दर्ज किया

जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। सभी तथ्यों और दस्तावेजों की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ये है वसीयत

जबकि बहन कमलेश ने कथित तौर पर इस संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा न होने की बात कही है। उसने आरोप लगाया कि बैंक की एक एफडी में बहनोई सुरेन्द्र कुमार को नामिनी बनवाया जबकि बहनोई ने भी एफडी से कोई संबंध न होने और नामिनी हटाने को तैयार होने की बात कही। उसने आरोप लगाया कि करीब 60 लाख रुपये की एफडी राशि बैंक से निकलवा कर आरोपी अपने पास रखे हुए हैं, जबकि वसीयत के अनुसार इस राशि में दोनों भाइयों का बराबर का हिस्सा बनता है। उसने आरोप लगाया कि जब वह अपने हिस्से की संपत्ति की मांग को लेकर गांव अलाहर गए तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी जमीन ठेके पर लेने वालों को भी परेशान किया। जिससे उनकी जान-माल को खतरा बना हुआ है। उसने मामले की सूचना रादौर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## डॉ. उषा लाल को भारत श्रीलंका हिन्दी गौरव सम्मान से नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र निवासी एवं हरियाणा की वरिष्ठ साहित्यकार, शोधक समीक्षक एवं हिन्दी सेवी और विश्वयात्री डॉ. उषा लाल को विश्व हिन्दी दिवस 2026 के अवसर पर 9 से 13 जनवरी को भारतीय उच्चायोग, कोलंबो में आयोजित द्वितीय भारत-श्रीलंका हिन्दी सम्मेलन में हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार में उनके उल्लेखनीय साहित्यिक अवदान और संस्कृतिक संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारत -श्रीलंका हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी अवधि में 12 जनवरी को डॉ ऊषा लाल ने केलनीय विश्वविद्यालय, कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञ के रूप में सक्रियतापूर्वक सम्मिलित होकर हिन्दी वैश्विक संवाद की भाषा विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सम्मान उन्हें हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार, साहित्यिक अध्ययन तथा सांस्कृतिक संवाद को सशक्त बनाने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के अनेक विद्वानों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।




## आर्य स्कूल के स्वयं सेवकों ने फर्स्ट एड की ट्रेनिंग ली




**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस कैंप के समापन समारोह पर आर्य स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष घनगस ने कैंप में पहुंचने पर अतिथियों का स्वागम किया। वहीं कैंप में ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज कर्मवीर ने यातायात के नियमों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराते हुए कहा कि सभी को सडक़ पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। जबकि रेड क्रॉस सोसाइटी से सोनिया ने बच्चों को फर्स्ट एड की जानकारी व प्रशिक्षण दिया। जबकि प्रधानाचार्य मनीष ने एनएसएस वालंटियर से देश, समाज व मानवता की सेवा करने की अपील की। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## डॉक्टर गुरनाम मढाण ने इंद्री के बीईओ का कार्यभार संभाला



**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटहेड़ा के प्रधानाचार्य पद से पदोन्नत होकर इंद्री के खंड शिक्षा अधिकारी बने डॉ. गुरनाम सिंह मढाण ने खंड शिक्षा कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों मुख्याध्यापकों, अध्यापकों व विभिन्न यूनियनों के नेताओं ने बीईओ गुरनाम मढाण का फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी समग्र शिक्षा धर्मपाल चौधरी ने मुख्य रूप से शिरकत की बीईओ डॉ. गुरनाम सिंह मढाण ने कहा कि वे जमीन से जुड़े हुए हैं। मिलकर काम करने में यकीन रखते हैं। उप जिला शिक्षा अधिकारी धर्मपाल द्वारा शुरू किए गए कामों और परंपराओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

## कुरुक्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर दंपति से ठगे 20 लाख रुपये

**कुरुक्षेत्र।** शहर थाना पुलिस के अंतर्गत विदेश भेजने के एजेंट ने एक दम्पति से 20 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी ने दम्पती को अमेरिका या न्यूजीलैंड नहीं भेजा। फर्जी दस्तावेज और टिकट देकर धोखा दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। गांव ढेरू माजरा निवासी हरि सिंह ने सेक्टर-10 स्थित इमिग्रेशन सेंटर संचालक सर्वजीत सिंह ने उन्हें कपिल शर्मा से मिलवाया था। कैथल निवासी कपिल शर्मा ने बेटी गुरसिमरन कौर और हर्षदीप को अमेरिका का वीजा लगवाने का वादा किया। आरोपी ने एक जुलाई 2023 को एग्रीमेंट किया। शर्त थी कि अगर वीजा नहीं लगा तो हरि सिंह का कोई खर्चा नहीं होगा। फिर फरवरी में नया एग्रीमेंट हुआ। इस बार उनको न्यूजीलैंड भेजने की बात हुई। इस एवज में आरोपी ने 35 लाख मांगे, जिसमें आधी रकम पहले देना तय हुआ। उन्होंने अलग-अलग टाइम पर 35 लाख रुपये ही आरोपी एजेंट को दिए। आरोपी ने वादा किया था कि अगर उसने उसकी बेटी और दामाद को न्यूजीलैंड नहीं भेजा तो ब्याज सहित पैसा लौटा देगा। पैसे लेकर आरोपी ने उसकी बेटी-दामाद को वीजा, ऑफर लेटर, मेडिकल और बीमा के कागज दिए। साथ ही दो एयर टिकट भी दी, लेकिन ऑनलाइन चेक किया, तो सब फर्जी निकले।

**फर्जी दस्तावेज और टिकट देकर धोखा दिया**

## जागरूक | गन्ना तकनीकी मिशन योजना के तहत किसान वैज्ञानिक संवाद शिविर आयोजित

*कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में कार्यक्रम*

# वैज्ञानिक तकनीक, उन्नत बीजों और आधुनिक यंत्रों से किसान बढ़ा सकते हैं पैदावारः कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गन्ना तकनीकी मिशन योजना के तहत बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में किसान वैज्ञानिक संवाद शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि को फूल मालाएं पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि में वैज्ञानिक सोच आज की जरूरत है। कृषि को वैज्ञानिक तकनीक, उन्नत बीजों व आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से किसान अपनी फसल की पैदावार को बढ़ा सकते हैं, जिससे उनकी आय व जीवन स्तर में सुधार होगा। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा खाद, बीज, दवाइयां, आधुनिक कृषि उपकरणों, ट्रैक्टर इत्यादि पर सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए भावान्तर भरपाई योजना लागू की गई है। इस अवसर पर खंड कृषि अधिकारी डा अश्वनी कांबोज, मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, डॉ. कर्म सिंह, डॉ. महा सिंह, डॉ. प्रशान्त, डॉ. प्रवीण जोशी व डॉ. सुरेन्द्र कुमार सहित अन्य कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ व किसान मौजूद रहे।



इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय इंद्री में आयोजित किसान वैज्ञानिक संवाद शिविर में किसानों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।

### कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों ने दी जानकारी

संवाद शिविर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी तथा शुगर मिल से आए कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों व अधिकारियों द्वारा गन्ने की अगेती-पछेती फसल, गन्ने के आधुनिक बीजों, नोटिफाईड/सिफारिश किस्मों की बिजाई पर दी जाने वाली अनुदान/सहायता राशि, बीज के चुनाव व मात्रा, खेत की तैयारी, बिजाई का उपयुक्त समय, उर्वरकों की मात्रा, बीज के उपचार, बिजाई की विधियों, निराई-गुड़ाई, रासायनिक खरपतवार नियंत्रण, सिंचाई, कीड़ों की रोकथाम, गन्ने में आने वाली बीमारियों, गन्ने के साथ बोई जाने वाली फसलों जैसे लहसुन, गेहूं, मसूर, खीरा इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

*अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन*

# जिलाध्यक्षों ने देश की एकता और अखंडता कायम रखने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन वीरवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने ध्वजारोहण के साथ शुरूआत की। हरियाणा कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष डा. पूनम चौहान अरविंद भी साथ उपस्थिति रही। उपस्थित सभी ने देश की एकता और अखंडता को कायम रखने की शपथ ली। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का कहना है कि यह केवल प्रशिक्षण नहीं है, यह संविधान की रक्षा का संकल्प है। यह न्याय के यद्धाओं का राष्ट्रीय समागम है, यह कांग्रेस संगठन के नव सृजन का शंखनाद है। धर्मशाला में कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने जिलाध्यक्षों के साथ आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की। शिविर में संगठन को मजबूती देने बारे, स्थानीय मुद्दों को जोर-शोर से उठाने बारे सहित धरातल पर सक्रिय रहने की मंत्रणा की गई। शिविर से स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं को दूर रखा गया।



ध्वजारोहण करते प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल व मौजूद अन्य।

### अनुभव साझा किए

बतां दे कि कुरुक्षेत्र की पंजाबी धर्मशाला में कांग्रेस का 13 से लेकर 22 जनवरी तक हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। बुधवार को दूसरे दिन कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, दिल्ली कांग्रेस प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन एवं प्रशिक्षण के प्रभारी सचिन राव ने जिला अध्यक्षों के समक्ष विचार रखे एवं अनुभव साझा किए थे।

## खबर संक्षेप

### हिमांशु बने जेसीआई एजाइल के प्रधान

**करनाल।** जेसीआई करनाल एजाइल की नई कार्यकारिणी का शपथा ग्रहण समारोह एक निजी बैंक्वेटल हॉल में सम्पन्न हुआ। यह टीम एक वर्ष के लिए चुनी गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने शिरकत की। 2025 में जेसी सार्थक मितल ने प्रधान पद पर काफी सराहनीय कार्य किए। अब प्रधान पद की जिम्मेवारी जेसी हिमांशु कालड़ा को सौंपी गई। जेसीआई करनाल एलाईल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी शैली चैधरी ने नवनियुक्त टीम को शपथ दिलवाई।

### झांकियों में दिखाएं योजनाओं की झलक

**करनाल।** एसडीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला में गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास, उमंग और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियां न केवल आकर्षक होनी चाहिए, बल्कि वे विकासात्मक परियोजनाओं , जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी ढंग से प्रदर्शन करने वाली भी होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी अपने विभाग से संबंधित झांकियों की तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें।

### 14 जून तक करवाएं आधार कार्ड अपडेट

**करनाल।** डीसी विश्राम कुमार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट कराने की तारीख बढ़ाकर 14 जून 2026 कर दी गई है। यह मुफ्त सेवा केवल च्माय आधार पोर्टलज् पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

### विशेष सफाई अभियान कल चलाया जाएगा

**इंद्री।** एसडीएम अनिल कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और जन स्वास्थ्य के महत्व को ध्यान में रखते हुए हल्के में 17 जनवरी को विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सफाई अभियान के तहत सड़कों पर पड़े रेत, मिट्टी, मलबे तथा सड़क के नजदीक झाड़ियों इत्यादि की सफाई करवाई जाएगी। बिजली निगम द्वारा सड़कों के नजदीक पड़े बिजली के खंभों व पाईपों को उठवाने तथा ट्रांसफार्मर इत्यादि के नीचे से सफाई करवाई जाएगी।

### अवैध शराब बेचने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बीती सायं थाना सदर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने के मामले में दो आरोपी रिंकू कुमार, निवासी गांव उचाना, जसविंदर उर्फ जस्सी, निवासी शिबू पुरी, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) को नजदीक न्यू बस स्टैंड करनाल से काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से 48 बोतल अवैध देसी शराब तथा एक बाइक बरामद की गई।

---

### समर्थकों ने हर्षोल्लास से मनाया जन्मोत्सव, कहीं हवन तो कहीं भंडारे लगे

# अपने दायित्व के निर्वहन में जुटे विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण

### घरौंडा में स्पीकर के जन्मदिन पर लगाया विशाल रक्तदान शिविर

हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण शिविर में शामिल हुई और रक्तदाताओं को सम्मानित किया






हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधानसभा से लगातार तीन बार के लोकप्रिय विधायक हरविंद्र कल्याण के जन्म दिवस पर जिस तरह से घरौंडा विधानसभा के नागरिकों से अपने नेता का उत्साह के साथ जन्म दिवस मनाया, उससे श्री कल्याण की लोकप्रियता की चर्चा दूर दूर तक की जा रही है। महत्वपूर्ण बात जो सामने आई वो ये की स्पीकर हरविंद्र कल्याण दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्पीकर कांफ्रेंस में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है तो घरौंडा विधानसभा के देवतुल्य नागरिकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। कोई गांव ऐसा नहीं था जहां ग्रामीणों ने अपने महबूब नेता का जन्मदिवस ना मनाया हो। घरौंडा नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा घरौंडा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, नगरपालिका पार्षदों व शहर के गणमान्य व्यक्तियों की और से अग्रवाल भवन में विशाल रक्त दान शिवर का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि स्पीकर हरविंद्र कल्याण की सुपुत्री ऐशना कल्याण शिवर में शामिल हुई और रक्त दाताओं को सम्मानित किया। ऐशना कल्याण ने कहा की जो मान सम्मान घरौंडा विधानसभा परिवार मेरे पिता जी को दे रहा मैं तहै दिल से आभारी हूं, मुझे बिल्कुल फिल नहीं हो रहा की अपने जन्म दिन पर पिता जी घरौंडा में मौजूद नहीं है ऐसा महसूस हो रहा है वो दिल्ली में होते हुए भी हम सबके बीच है। पिता जी अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे है और घरौंडा विधानसभा परिवार अपने दायित्व का बहुत अच्छे से निर्वहन कर रहा है।

#### समर्थकों ने काटा केक

स्पीकर हरविंद्र कल्याण के जन्म दिवस पर घरौंडा विधानसभा में समर्थकों ने अपने लोकप्रिय नेता का जन्मदिन अपने अपने तरीके से मनाया। कहीं भंडारे लगाए गए तो कहीं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। बरसत मंडल, मधुबन मंडल, घरौंडा मंडल व मोदीपुर मंडल में केक काटकर उनके समर्थकों जन्म दिन को उत्सव के रूप में मनाया।

#### पक्का पुल धाम पर मनाया जन्मोत्सव

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का जन्म दिन पक्का पुल धाम पर बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया समर्थकों ने केक काटा और उनके उतम स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रार्थना की।

#### यहां लगाया भंडारा

स्वास्तिक आर एम सी की पूरी टीम ने संजय खैंची की देखरेख में भंडारा लगाया। कोहंड में विरम सिंह व सतपाल शर्मा की टीम ने केक काटा, बरसत मंडल में अध्यक्ष नरेश कैमला की टीम ने केक काटा और बधाई

---

### शिव कॉलोनी में बनेगा सब- स्टेशन

## कुंजपुरा रोड समेत तीन स्थानों पर बिजली के तार होंगे भूमिगत

### विधायक ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने का किया आह्वान

- विभाग निर्धारित समय में करें बिजली शिकायतों का निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रेस्ट हाऊस में समस्याएं सुनते हुए विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता।

विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा करनाल शहर में तीन जगहों पर बिजली तारों को भूमिगत करने का कार्य किया जा रहा है। जिनमें मेरठ रोड, जीटी रोड और ओल्ड कुंजपुरा रोड शामिल हैं। 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिव कॉलोनी में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से 33 केवी का सब-स्टेशन बनाया जा रहा है।

विधायक जगमोहन आनंद वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनता जागरूकता शिविर के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल शहर को 24 घंटे निर्बाध बिजली मिले इसके लिए बिजली के क्षेत्र में जरूरी आधारभूत ढांचे में विस्तार किया जा रहा है। लाइन लॉस कम हो इसके लिए भी विभाग द्वारा निरंतर प्रयास जारी हैं। आमजन की बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों का समय पर निवारण हो, इसके लिए भी विभाग को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने आमजन को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी दी और सरकार द्वारा सोलर पैनल पर दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठाने का आह्वान किया।

#### मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता नसीब सिंह ने केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। केंद्र सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 50 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी।

---

### श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाई मकर संक्रांति

## मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- षटतिला एकादशी के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर में पूजा के दौरान कमेटी के सदस्य व प्रस्तुति देते हुए भजन गायिका। फोटो : हरिभूमि

शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मकर संक्रांति एवं षटतिला एकादशी का पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। संध्या आरती के समय मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पंडित दीपक पांडे ने षटतिला एकादशी के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दिन व्रत करने से भगवान श्री विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा से जागता है भक्ति भाव

**करनाल।** सुख-समृद्धि ओर खुशहाली की कामना के साथ गांव काछवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं का संगम देखने को मिला।

चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, श्रीराम अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पूज्य केशव आचार्य महाराज के ओजस्वी एवं भावनात्मक प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के मन को छू लिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को जीवन के सत्य से परिचित कराती है और उसे भक्ति, सेवा और सद्कर्म के मार्ग पर अग्रसर करती है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड कुंजपुरा की बैठक आयोजित

## पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में रिटायर्ड कर्मियों का रोष प्रदर्शन

- 22, 23 फरवरी को राष्ट्रीय सम्मेलन कुरुक्षेत्र में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** प्रदर्शन करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की खंड कुंजपुरा की मीटिंग प्रजापति धर्मशाला कुंजपुरा में खंड प्रधान रमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। संचालन खंड सचिव इंद्र पाल सिंह ने किया। विशेष रूप से चन्द्र कुमार, सुन्दर लाल, अमरसिंह, चंद्रभान, रामेश्वर, पालाराम, राजपाल, महेन्द्र मान, मनोहर लाल, हुकम सिंह, गुरदयाल, विजयपाल तथा बलराज सिंह पहुंचे। विजयपाल, राजपाल सिंह, गुरदयाल सिंह व मनोहर लाल ने कहा कि पेंशन वित्त विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर देशभर में सेवानिवृत कर्मचारी संघर्ष कर रहे हैं। बलराज सिंह, महेन्द्र मान व हुकम सिंह ने कहा कि 22, 23 फरवरी को दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में होगा। सभी सरकारी विभागो, बोर्ड, निगम, कार्पोरेशन व मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारी पैंशन वित विधेयक वापस होने तक आन्दोलन करते रहेंगे।

---

### सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन

## उत्सव के छठे दिन हरियाणवी सांग 'चंद्रहास' का मंचन



**घरौंडा।** शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 24वे सामूहिक विवाह उत्सव के अवसर पर हरियाणा कला परिषद और मंडल के सहयोग से आज हरियाणवी सॉन्ग के छठे दिन चंद्रहंस सांग का मंचन किया गया। इस अवसर पर सांग पार्टी रमेश पाई और धुला ने सॉन्ग का मंचन किया

इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि श्री वीरेंद्र राठौर सचिव ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी, सुनील शर्मा, डॉ रामू बस्ताड़ा, पंडित रामदास , अभिषेक शर्मा रहे उन्होंने कहा यह मंडल 24 वर्षों से बहुत अच्छा कार्य कर रहा है और पूरे इलाके के सहयोग से इन्होंने 265 कन्याओं का विवाह अभी तक कर दिया है। आज के चंद्रहास सांग की कहानी में बताया गया कि केरल राज में मेधावी नामक राजा राज करते थे। राजा का एक 6 वर्ष का लड़का था जिसका नाम चंद्रहास था राजा मेधावी रणभूमि में लड़ते-लड़ते शहीद हो जाते हैं।

### नशामुक्त हरियाणा मिशन के बारे में जानकारी दी

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत वार्ड 14 में जागरूकता शिविर लगाया

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिसंबर से मार्च माह तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल अजय कुमार ने गुलाब ईंट भट्टा संगोही और पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने वार्ड नं. 14 में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने नशा मुक्त हरियाणा मिशन के बारे में जानकारी दी।

### क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने दी जानकारी

## रेगुलर के साथ इग्नू से डिस्टेंस मोड में कर सकते हैं डिग्री

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इग्नू बहुत ही सहज मानकों और कम फीस पर शिक्षा प्रदान कर रहा है और यह उन महिलाओं और अन्य लोगों के लिए फायदेमंद है, जिन्होंने 12वीं या कॉलेज के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ दी है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों को एक साथ दो डिग्री प्राप्त करने की अनुमति दी है, जिससे छात्रों को दो अलग-अलग क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने और अपने करियर को बेहतर बनाने का अवसर मिलता है। एक डिग्री ऑफलाइन मोड और दूसरी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में इग्नू से कर सकते हैं। ध्यान रहे कि फिजिकल या ऑफलाइन मोड में दोनों कक्षाओं का समय एक न हो। आप डुअल डिग्री प्रोग्राम को एक या अलग-अलग विश्वविद्यालयों से कर सकते हैं। दोहरी डिग्री छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद करती है, जिससे नौकरी के बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ जाती है। एक साथ दो डिग्री प्राप्त करने से, छात्र कम समय में दो डिग्रियां प्राप्त कर सकते हैं।

---

## किसान की शिकायत पर एसडीएम ने दौरा कर जांच के निर्देश दिए

- करनाल-कैथल रोड से गांव ब्रास तक की सडक़ बनवाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** शिकायत मिलने पर दौरा करते हुए एसडीएम प्रदीप कुमार।

करनाल-कैथल रोड से गांव ब्रास तक की सडक़ को दूसरी जगह से बनवाने संबंधी एक किसान की शिकायत पर एसडीएम प्रदीप कुमार ने आज मौके पर दौरा किया। उन्होंने इस मामले में पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को नियमानुसार कार्यवाही के आदेश दिए।

ब्रास गांव के किसान कृष्ण चंद ने एसडीएम को दी दरखास्त में कहा है कि करनाल-कैथल रोड से गांव ब्रास की सालों पहले बनी सडक़ को दूसरी जगह से बनाया जाना है जिसकी लंबाई करीब तीन किला है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने 2022 में निशानदेही की थी। 12 सितंबर 2025 को फिर से निशानदेही की गई। उन्होंने बताया कि नई बनने वाली सडक़ के लिए उन्होंने अपनी जमीन खाली छोड़ रखी है लेकिन जिस दूसरे किसान के खेत साथ लगते हैं वह अभी तक सडक़ के लिए जमीन देने को तैयार नहीं। उन्होंने मांग की कि पुरानी सडक़ के स्थान पर नई सडक़ तुरंत बनवाई जाए और इसमें आने वाली बाधाओं को फौरन दूर किया जाए।

---

### चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और राम अवतार लीला ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

आयोजकों की तरफ से गणमान्य लोगों एवं समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

# श्रीमद्भागवत कथा से जागता है भक्ति भाव और जीवन को मिलती है नई राह : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





**तरावड़ी।** श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रवचन करते केशव आचार्य महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सुख-समृद्धि ओर खुशहाली की कामना के साथ गांव काछवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं का संगम देखने को मिला। चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, श्रीराम अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज के ओजस्वी एवं भावनात्मक प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के मन को छू लिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को जीवन के सत्य से परिचित कराती है और उसे भक्ति, सेवा और सद्कर्म के मार्ग पर अग्रसर करती है। कथा स्थल पर महिलाएं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला का वर्णन सुनकर भावुक होती नजर आईं। जैसे ही भजन और कीर्तन शुरू हुए श्रद्धालु महिलाएं श्रद्धा भाव से झूम उठीं। पूरा वातावरण च्हरे कृष्ण राधे-राधेज और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। काछवा रोड स्थित सोमेश्वर राइस प्रा. लि. परिसर में श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर के आचार्य पंडित शुभम शास्त्री के सानिध्य में चल रही इस कथा में चौथे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

#### ये रहे मौजूद

कथा में उद्योगपति राजकुमार तायल, प्रदीप गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, सुल्तान सोहलो, विनीत बंसल, नितेश मंगल, रमेश शर्मा, रणजीत भारद्वाज, संदीप गुप्ता, उद्योगपति रामदास शर्मा, नरेश बंसल, शीशपाल शर्मा, शुभम शर्मा, रोहित भारद्वाज, मौलिक भारद्वाज, सुनीता देवी, आरती, संतोष गुप्ता, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कथा के दौरान हर प्रसंग पर श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर कथा रस का आनंद लेते नजर आए और पूरा क्षेत्र भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

खबर संक्षेप

## युवक को बंधक बना कर कुकर्म किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में निवास कर रहे और इसराना थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित औद्योगिक इकाई में कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश प्रवासी युवक के साथ उसके दो दोस्तों ने मारपीट की और उसके साथ कुकर्म किया। आरोपियों ने कथित पीडित को धमकी दी कि इस घटना की जानकारी किसी को देने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी। इधर, इसराना थाना पुलिस ने पीडित युवक के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई और आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किसानों को पराली प्रबंधन की जानकारी दी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना किसानों और पर्यावरण दोनों के हित में एक दूरदर्शी पहल है। डॉ. दहिया ने कहा कि योजना का उद्देश्य पराली जलाने की समस्या का स्थायी समाधान निकालना व किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों से जोडऩा तथा खेती को पर्यावरण अनुकूल बनाना है। किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 से 70 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

## छात्राओं ने दी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, कुरुक्षेत्र की कथक की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के म्यूजिक एंड डांस डिपार्टमेंट की छात्राओं के साथ मिलकर सत्य साईं मंदिर सेक्टर7, कुरुक्षेत्र में एक भव्य नृत्य प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम सत्य साईं सेवा ऑगेनाईजेशन की रथ यात्रा के कुरुक्षेत्र आगमन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन सत्य साईं मंदिर, सेक्टर-7 के प्रांगण में किया गया, जहाँ छात्राओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत कर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं के साथ केंद्र की अध्यापिकाएँ डॉ. पूजा चौधरी एवं संजना को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सुचिस्मिता, निदेशक गुलजारी लाल नंदा स्मारक एवं लाइब्रेरी का विशेष योगदान रहा।

## सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पिहोवा। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर संकल्प फाउंडेशन पिहोवा व अर्बर ग्रोव स्कूल दोनों मिलकर ग्रीन बेल्ट मॉडल टाउन, पिहोवा में निरंतर सफाई अभियान में अपना सहयोग दे रहे हैं। इसी क्रम में आज तीसरे चरण के सफाई अभियान को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भी पूरे उत्साह के साथ जारी रखा गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाना है। संकल्प फाउंडेशन पिहोवा व अर्बर ग्रोव स्कूल पहले से ही संयुक्त रूप से इस स्वच्छता मुहिम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। गौरतलब है कि संकल्प फाउंडेशन पिहोवा हमेशा से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करता रहा है।

## शिक्षा प्रणाली में जीवन कौशल का समावेश जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से जीवन कौशल पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसके मुख्य सत्रों का संचालन प्रो. प्रदीप कुमार, निदेशक, आईटी सेल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा रूबी त्यागी, प्रधानाचार्या डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल, लाडवा द्वारा किया गया। दोनों संसाधन व्यक्तियों ने अपने प्रेरणादायी विचारों और अनुभवों के माध्यम से शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, निदेशक गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया तथा कार्यक्रम की कार्यवाही आगे बढ़ाने हेतु संसाधन व्यक्तियों का परिचय प्रस्तुत किया। संबोधन में आज की शिक्षा प्रणाली में जीवन कौशल का समावेश अत्यंत आवश्यक है ताकि विद्यार्थी आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और व्यवहारिक जीवन के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

# किसान आत्मनिर्भर होगा, तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा: हरि

## केंद्र व प्रदेश सरकारें खेती को सुदृढ़ करने को इजराइल की तर्ज पर काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- केंद्र व प्रदेश सरकारों को एकजुट होकर खेती को बढ़ावा देना होगा

किसान नेता व सामाजिक चिंतक हरि शरण देवगन ने कहा कि भारत कृषि प्रधान गांवों का देश है, इसी को ध्यान में रख कर केंद्र व प्रदेश सरकारों को इजराइल की तर्ज पर खेती को सुदृढ करने के लिए धरातल पर कल्याणकारी योजना बना कर लागू करनी होगी। उन्होंने साफ किया जब तक भारत का किसान आत्मनिर्भर नहीं होगा तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। इसके मद्देनजर केंद्र व प्रदेश सरकारों को एकजुट होकर खेती को बढ़ावा देना होगा। देवगन, हरियाणा के दौरे पर है और वीरवार को पानीपत में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्षों बाद भी किसान आत्मनिर्भर होने के बजाय लगातार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक दबाव में है। खेती की लागत हर साल बढ़ रही है लेकिन किसान की आय उस अनुपात में नहीं बढ़ पाई है। वहीं, देश में किसान की फसल के दाम आज भी बाजार और बिचौलियों के भरोसे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में किसान पीछे नहीं जा रहा, बल्कि उसे पीछे धकेला जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परंपरागत खेती को छोड़ कर बाजार की डिमांड के अनुसार आधुनिक खेती करें, युवा किसान खेती को अपनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों को केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता के रूप में देखना होगा। कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए दीर्घकालिक नीति, पारदर्शी व्यवस्था और किसानों की सीधी भागीदारी जरूरी है, तभी भारत विकसित राष्ट्र बन पाएगा। इस अवसर पर विनय धीमान आदि भी उपस्थित रहे। इधर, हरि शरण देवगन पानीपत के कई गांवों का दौरा कर वहां खेती की वास्तुस्थित का अध्ययन करेंगे।



**पानीपत।** किसान नेता व सामाजिक चिंतक हरि शरण देवगन प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो: हरिभूमि



**समालखा।** हरियाणा की विजेता खो-खो टीम अतिथियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

## खो-खो में हरियाणा की टीम ने सिल्वर मेडल किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गुजरात के सूरत में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने सिल्वर मेडल जीता है। 10 से 14 जनवरी तक चली इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 25 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था।

लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों के लिए आयोजित इस स्पर्धा में हरियाणा की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। स्मरणीय है कि हरियाणा राज्य की टीम में पानीपत के समालखा स्थित खो-खो क्लब, गांव मनाना के चार लड़के और चार लड़कियां शामिल थीं। मनाना गांव की कुमारी नजमा को प्रतियोगिता में 'बेस्ट डिफेंडर' का पुरस्कार मिला, जो उनके उत्कृष्ट खेल का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर जिला खो-खो संघ पानीपत के महासचिव रविंद्र सैनी, हरियाणा राज्य खो-खो संघ के महासचिव बलवान सिंह, हरियाणा राज्य रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह, हरियाणा राज्य टेक्निकल ऑफिशियल के अध्यक्ष शमशेर सिंह, हरियाणा राज्य खो-खो संघ के उप प्रधान राजकमल ढांडा और खो-खो कोच मुकेश कुमारी मनाना सहित सभी पदाधिकारियों ने हरियाणा के खिलाड़ियों को बधाई दी।

# समालखा में जनता को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं दिलवाएंगे

- विधायक भड़ाना ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, एसएमओ ने समस्याओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

विधायक मनमोहन भड़ाना ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने एसएमओ डॉ.संजय आंतिल और एसएमओ डॉ. नीधि मुंजाल, डॉ.पवन, डिप्टी एमएस डॉ. संदीप लाठर के साथ ओपीडी, इमरजेंसी, पोस्टमार्टम हाउस, जच्चा बच्चा वार्ड व अन्य विभागों का बारीकी से जायजा लिया और अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। इधर, विधायक भड़ाना ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि समालखा में जल्द मेडिकल कॉलेज बनें। इस अवसर पर पार्षद विनोद वाल्मीकि, राजेश ठाकुर, अजय शर्मा, जितेन्द्र भापरा आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** विधायक मनमोहन भड़ाना, एसएमओ डॉ.संजय आंतिल से बाचतीत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई : अनिल

- ट्रक, पिकअप और अन्य वाहन चालकों से बातचीत की गई

**पानीपत।** धुंध के दौरान सड़क हादसों को रोकने और लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पानीपत यातायात पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में वीरवार को यातायात थाना प्रभारी अनिल की टीम ने जीटी रोड टोल प्लाजा के नजदीक ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ट्रक, पिकअप और अन्य वाहन चालकों से सीधे बातचीत की गई और उन्हें घुंध/कोहरे के समय सावधानी से वाहन चलाने, तेज रफ्तार से बचने, आगे चल रहे वाहन से दूरी बनाए रखने और लाइट व रिफ्लेक्टर का सही इस्तेमाल करने की सरल भाषा में जानकारी दी गई, ताकि सड़क पर कोई हादसा न हो।

# मास्टर्स गेम्स के जिलाध्यक्ष बने विजेंद्र

- रावल को महासचिव बनाया 18 को होगी प्रदेश स्तरीय हाकी चैंपियनशिप, इसमें प्रदेश की टीम का चयन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गेम्स ऑफ मास्टर्स एसोसिएशन पानीपत की बैठक वीरवार को एशियन कम्प्यूटर सेंटर में हुई। बैठक की अध्यक्षता गेम्स आफ मास्टर्स एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष व पूर्व डीएसओ देवेंद्र साहनी गुरुजी ने की।

वहीं, बैठक में साहनी ने बताया कि पानीपत जिले की कार्यकारिणी में विजेंद्र ढुल को अध्यक्ष, भाजपा जिला महासचिव सुनील कंसल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, सुरेश रावल को महासचिव, जिनेंद्र जैन को कोषाध्यक्ष, अमित मलिक व अनिल मोर को सहसचिव, संजीव त्यागी व चंद्र पाल को मुख्य सलाहकार, रविदत्त व राकेश कुमार को आयोजन सचिव हाकी कोच धर्मेंद्र सिंह, विनोद कुमार व नवनीत सिंह को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया है। जबकि लीगल एडवाइज़र सुरेश शर्मा, मीडिया प्रभारी महेंद्र कुमार को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में 18 जनवरी को रिफाइनरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मास्टर्स हाकी प्रतियोगिता को लेकर चर्चा हुई। वहीं, इसी प्रतियोगिता में हरियाणा टीम का गठन किया जाएगा। गठित टीम पुणे में 26 जनवरी से होने वाले राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स में हिस्सा लेगी।



**पानीपत।** गेम्स ऑफ मास्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी बैठक करते हुए।



**पानीपत।** मकर संक्रांति पर्व पर वेद पारायण महायज्ञ कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक। फोटो: हरिभूमि

## मकर संक्रांति पर्व पर वेद पारायण महायज्ञ किया

**पानीपत।** मकर संक्रांति पर्व पर वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। इधर, साध्वी डॉ. प्राची ने श्री सनातन संस्कृति की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि युवा वर्ग को पाश्चात संस्कृति का त्याग कर श्री सनातन संस्कृति को अपनाना चाहिए। वहीं, सनातन संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। इधर, सुभाष चंद कबीरपंथी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा एवं पूर्व राष्ट्रीय सचिव हरियाणा संयोजक उत्तराखंड प्रभारी बुनकर प्रकोष्ठ भाजपा ने कहा कि सनातन संस्कृति को पूरे विश्व को अपना चाहिए, सनातन संस्कृति को अपनाने पर ही विश्व शांति व तरक्की होगी। इस अवसर पर मास्टर हरबीर सिंह आर्य आदि ने साध्वी डॉ. प्राची व सुभाष चंद कबीरपंथी को सम्मानित किया।

# एनएसएस कैंप का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- बाल विवाह से हो रहे सामाजिक नुकसान की विस्तार से जानकारी दी

आईबी कॉलेज में एनएसएस युनिट की तरफ से सात दिवसीय स्पेशल कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसका मुख्य विषय यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी रहा। वहीं, प्रातः कालीन स्वयं सेवकों को योगा करवाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, शिक्षक-गण और स्वयंसेवकों द्वारा दीप प्रज्वलन करके कैंप का शुभारंभ किया गया। स्पेशल कैंप के पहले दिन के मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा एसएचओ महिला पुलिस थाना, पानीपत, विशिष्ट अतिथि रजनी गुप्ता, रेनु का स्वागत किया गया। इधर, कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने स्वयं सेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत, नोट मी बट यू पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बाल विवाह से हो रहे सामाजिक नुकसान की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह, शिक्षित समाज पर कलंक है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, पल्लवी, प्रेरणा, खुशी मिश्रा, नितिन, वंशिका, डॉ. नीतू, डॉ. सुनीता रानी, प्रो. संगीता, प्रो. नीतू आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक का स्वागत करते हुए एनएसएस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि



**पानीपत।** पानीपत में गौरव गुरुजी डुगरी वाले का स्वागत करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया। फोटो: हरिभूमि

## विश्व में सर्वश्रेष्ठ है श्री सनातन संस्कृति : भाटिया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 12 के अग्रसेन चौक स्थित शुभ लग्न में छतरपुर वाले महाराज निर्मल सिंह गुरुजी का वार्षिक उत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में गौरव गुरुजी डुगरी वाले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, संजीव भट्ठला, पुनीत विज, अमित चौपड़ा, विजय सहगल, हिमांशु वीरमणि, देवांशु वर्मा और तृप्ता भट्ठला आदि उपस्थित रहे। वहीं, संजीव भट्ठला ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया। इधर, भाटिया ने कहा कि श्री सनातन संस्कृति पूरे विश्व को सद्भावना के साथ जीवन यापन करने का संदेश देता है। उन्होंने दावा किया कि श्री सनातन संस्कृति को अपनाने व इसकी शिक्षाओं का जीवन में पालन करने से हर इंसान सुखी हो जाता है।

## मकर संक्रांति पर भंडारा लगाया

- श्रद्धालुओं ने चाय, ब्रेड, खिचड़ी, मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया

**पानीपत।** श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड में मकर संक्रांति पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, प्रधान राजकुमार पांचाल, संरक्षक रोशन लाल धीमान, विनोद पांचाल, डा.राजकुमार जांगड़ा, रघुवीर धीमान, मंदिर के पुजारी पंडित नेतराम कौशिक ने बताया कि समाजसेवी सेठ रोशन लाल कंसल, राकेश कंसल, मनीष कंसल, संजय मित्तल, मुकेश अग्रवाल, मनीष गुप्ता, नरेश सिंगला, रितु ने भंडारे में श्रद्धालुओं ने चाय, ब्रेड, खिचड़ी, मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद वितरित

## मकर संक्रांति पर्व मनाया

- विद्यार्थियों ने मन मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय अध्यक्ष पवन गर्ग, समिति के सदस्य श्रवण मित्तल, अशोक गुप्ता व प्राचार्या रुचि शर्मा, नाट्य क्षेत्र के महान कलाकार रमेश खन्ना द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों ने मन मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में पीकेएम स्कूल एनजीओ से आए हुए विद्यार्थियों को खिचड़ी आदि का प्रसाद बांटा। इधर, विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी पतंगें उड़ा कर अपनी खुशी का इजहार किया।

## जैनियों ने मकर संक्रांति व जिनबिम्ब दर्शन उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- 16 जनवरी को ध्वजारोहण के साथ त्रिदिवसीय विधान का शुभारंभ होगा

पानीपत में स्थित सभी सातों दिगंबर जैन मंदिरों में धूमधाम के साथ मकर संक्रांति एवं जिनबिंब दर्शन महोत्सव मनाया गया। वहीं, साधर्मियो ने प्रातः की बेला में मंदिरों में जाकर देव दर्शन कर अभिषेक पूजन कर समर्थ अनुसार दानपुण्य किया। अधिवक्ता मेहुल जैन व श्री दिगंबर जैन पंचायत के सचिव मनोज जैन ने बताया कि 16, 17, 8 जनवरी को भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैनऋषभदेव मंदिर, हुडा सेक्टर 12 में त्रिदिवसीय भक्तामर महामंडल विधान बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। वहीं, 16 जनवरी को ध्वजारोहण के साथ त्रिदिवसीय विधान का शुभारंभ होगा।

## सुंदरकांड पाठ हमें भक्ति, साहस, सेवा व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है

# एलएनटी कॉलेज में मकर संक्रांति पर सुंदरकांड पाठ किया

कॉलेज के सचिव सुशील गुप्ता ने प्रकृति की ओर चले संदेश को देते हुए कॉलेज में पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन में मकर संक्रांति पर्व पर सुंदरकांड पाठ किया गया। वहीं, श्री राम दरबार एवं हनुमान जी की प्रतिमा पर कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता व सचिव सुशील गुप्ता ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि कथा वाचक प्रेम प्रकाश दुबे की मधुर वाणी से विधिवत्त सुंदरकांड पाठ का गायन किया गया। इधर, कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व है, जो जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मिक शुद्ध का संदेश देता है। जबकि प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि सुंदरकांड पाठ हमें भक्ति, साहस, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कॉलेज के सचिव सुशील गुप्ता ने प्रकृति की ओर चले संदेश को देते हुए कॉलेज में पौधरोपण किया। इस अवसर पर डॉ राजेश भारद्वाज, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ सुदेश,सत्यनारायण, मनीषा, डॉ. दर्शन धीमान, सोनिया बंसल, प्रदीप, गोविंद चौधरी, कमल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** एलएनटी कॉलेज में मकर संक्रांति पर्व में भाग लेते हुए कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता व सचिव सुशील गुप्ता आदि। फोटो: हरिभूमि

## जुआ खेलते आठ आरोपी गिरफ्तार

**समालखा।** थाना समालखा की हथवाला चौकी पुलिस टीम ने महावटी गांव के खेत में बने कमरे में जुआ खेलने के आरोप में गांव राक्सेहडा, बिलासपुर, महावटभ, बसाडा, निवासी आरोपी नफीस खान, मोहम्मद शमीम, नसीम अली, राजू, नसीम अली उर्फ बोदा, बलराज, प्रवीन, तेजबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से जुआ खेलने में प्रयुक्त दो जोड़ी ताश पत्ते, दाव पर लगी 41 हजार 620 रूपए की नकदी व 7 मोबाइल फोन बरामद हुए है। आरोपियों पर थाना समालखा में गेम्बलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मतदाता सूची का प्रदर्शन

**पानीपत।** श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा हरि सिंह कॉलोनी वार्ड दो से तीस जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर वीरवार को चुनाव अधिकारी विपिन पांचाल एवं डा.इंद्रपाल पांचाल ने चुनाव कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रदर्शन किया। वहीं, 18 जनवरी को नामांकन व 20 को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। जबकि 30 जनवरी को मंदिर परिसर में मतदान होगा। इस अवसर पर प्रधान इसम पांचाल, विनोद पांचाल, रोहतास पांचाल, सुनील पांचाल व संदीप पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता समाधान शिविर में दर्ज होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## छात्रों को एक साथ दो डिग्री प्राप्त करने की अनुमति दी

**पानीपत।** इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों को एक साथ दो डिग्री प्राप्त करने की अनुमति दी है, जिससे छात्रों को दो अलग-अलग क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने और अपने करियर को बेहतर बनाने का अवसर मिलता है। एक डिग्री ऑफलाइन मोड और दूसरी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में इग्नू से कर सकते हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र व राज्य सरकार पर किया हमला, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जताई चिंता

# मनरेगा का नाम बदल कर महात्मा गांधी के विचारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ज़ब से भाजपा सत्ता में आई तब से मनरेगा योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद लोगों को न तो 100 दिन का रोजगार मिल रहा है न ही योजना के दूसरे लाभ मिल रहें है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार ने मनरेगा योजना को इस वजह से लागू किया था कि ताकि गरीबों के सौ दिन के रोजगार की गारंटी मिल सके। इसके तहत ग्रामीण आंचल में रहने वाले गरीब लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया।


अंबाला। मीडिया से बातचीत करती सांसद कुमारी सैलजा।

### मनरेगा योजना को जमीनी स्तर से किया खत्म

प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा वीरवार को अंबाला छावनी स्थित आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थी। सैलजा ने कहा की भाजपा सरकार ने मनरेगा योजना का न केवल नाम बदला बल्कि इस योजना को जमीनी स्तर पर खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें नाम बदलने पर आपत्ति है। इस वजह से है कि भाजपा सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को भी कमजोर कर रहीं है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने गांव में स्वरोजगार को लेकर जो सपना देखा था केंद्र सरकार उस सपने को तोड़ने का काम कर रहीं है। सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब लोग के साथ विश्वासघात कर रहीं है। भाजपा सरकार गरीब व जरूरतमंद लोगों कि आर्थिक स्थिति को ओर कमजोर कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने न गरीबों के लिए न्यूनतम वेतन की बात कि ओर न ही उनके अधिकारों कि बात हो रहीं है। गरीब लोगों को उनके हालातों पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत केंद्र सरकार 125 दिन रोजगार देने का दावा तो कर रहीं है लेकिन उसकी कोई गारंटी नहीं है।

■ भाजपा ने गरीबों की आर्थिक स्थिति को कमजोर किया

### पंचायती राज व्यवस्था हो रही कमजोर

कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण देश कि पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रहीं है। सरकार कि नीतियों के कारण सभी राज्यों कि व्यवस्था बुरी तरह कुचल रहीं है उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को स्थायी रोजगार देने कि बजाय राशन कि लाइनों में खड़ा कर उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर रहीं है। उन्होंने कहा कि पांच किलो राशन से कुछ लोगों का पेट तो भर सकता है लेकिन वह आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो सकते। सरकार अब कुछ गरीब लोगों के खाते में पैसे डालकर उन्हें बरगलाने का काम कर रहीं है। सत्ता के लालच में लोगों को आर्थिकतौर पर पिछड़े पन की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्र ओर राज्य सरकार कि नीतियों के खिलाफ निरंतर आंदोलन कर रहीं है। पार्टी का हर कार्यकर्ता कोर्ट से लेकर सडक तक भाजपा कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। नगर निगम चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर सेलजा ने कहा कि पूरी पार्टी एकजुट हो कर चुनाव लड़ेगी। पूरी उम्मीद है कि तीनों निगमों में कांग्रेस निकायों पर कब्जा करेगी। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर, विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई, विधायक चौधरी अकरम ख़ान, विधायक रेणुबाला, प्रदेश अनुशासन कमेटी के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन व चेतन चौहान, वेणु अग्रवाल व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल समेत भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जांच एजेंसियों का हो रहा दुरूपयोग

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं सांसद कुमारी सैलजा ने देश भर में हो रहीं घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह बात अब देश से छिपी नहीं है कि चुनाव आते ही भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ तेज कर देती है। विशेषकर उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल इसका स्पष्ट उदाहरण है जहां चुनाव से पहले सरकार को अस्थिर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों और वंचित वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी रही है।

## खबर संक्षेप



### लोक शिकायत आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बने अमरिंद्र

**बराड़ा।** राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमरिंदर सिंह रोबिन को केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. इस्लाम राणा जरगर ने नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि अमरिंदर सिंह द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। आयोग देश के सर्वांगीण विकास और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है।



### सोसाइटी पदाधिकरियों ने गरीबों को बांटे कंबल

**अंबाला।** मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में वीरवार को जग्गी व टैगोर गार्डन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गरीब व जरुरतमंद लोगों को कंबल व दूसरे गर्म कपड़े बांटे। सोसाइटी के प्रधान हाकम सिंह सैनी ने बताया कि इस बार कड़ाके की सर्दी को देखते हुए सभी पदाधिकारियों ने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को गर्म कंबल व दूसरे कपड़े उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया था। उन्होंने बताया कि इस कार्य में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने सहयोग दिया। सैनी ने बताया कि सोसाइटी समाजहित में कई कार्यों में हिस्सा ले रही है।

### दो अवैध देशी पिस्तौल जब्त, आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए वन ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध असला और जिंदा कारतूसों के साथ काबू किया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक के पास भारी संख्या में अवैध हथियार है और वह पंजोखरा साहिब रोड नजदीक माली परेड तोपखाना के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही सीआईए की टीम ने तुरंत नाकाबंदी की और संदिग्ध युवक को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से दो अवैध देशी पिस्तौल, दो देशी कट्टे और नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी की पहचान विशाल कुमार उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है।

### सामान चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मशीनों के टरेक्र, साउंडिंग, बैटरी व अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिव शंकर को गिरफ्तार किया है। उसे 5 दिन के रिमांड पर लिया है। एमएमजीटी तिदेवेंचर्स प्राइवेट कंपनी रायॅल स्ट्रीट जीरकपुर पंजाब क ओ से 8 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 05/06 मई 2025 को मंजी साहिब गुरूद्वारा के पास स्पाटू रोड से आरोपी शिव शंकर व अन्य ने मशीनों के टरेक्र, साउंडिंग, बैटरी व अन्य सामान चोरी किया है।


## असीम गोयल ने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

# ट्रिपल इंजन की सरकार के नारे के साथ जाएंगे लोगों के बीच

■ गोयल ने पंजाब से आए आप नेताओं को पटका पहनाकर दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा एवं कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समान रूप से किए जा रहे विकास कार्यों एवं ट्रिपल इंजन की सरकार के नारे को साथ लेकर लोगों के बीच कार्यकर्ता जा रहे हैं। लोगों का भी बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। गोयल वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रेमनगर स्थित अपने निवास स्थान पर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओ को सुन रहे थे। इस मौके पर वह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर दिया। इस मौके पर हैफेड से आए कर्मचारियों ने जॉब सिक्योरिटी की सुरक्षा प्रदान किए जाने , दुर्गानगर से आए लोगों ने पेयजल व्यवस्था के तहत पाईप लाइन बिछाए जाने , अन्य क्षेत्रों से आए लोगों ने नालियों व गलियों के विकास के साथ-साथ बुढापा पैंशन लगाने, सफाई व्यवस्था, बिजली व पानी से जुड़ी समस्याओं का निदान करने की गुहार लगाई। उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति जन सुनवाई के तहत अपनी समस्या यहां पर रख सकता है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, सरदूल सिंह, संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत शाना, सुंदर ढींगरा, गुरजंट सिंह, चंद्रमोहन फौजी, अनिल गुप्ता, मुकेश शर्मा,विकास शर्मा भी मौजूद रहे।


अंबाला। पंजाब के आप नेताओं को भाजपा में शामिल करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### बटरोहन जैतपुरा में भाजपा मजबूत

गांव जैतपुर व बटरोहण से विभिन्न दलों से पार्टी को अलविदा कहकर कईं ग्रामीणों ने भाजपा पार्टी में शामिल हुए। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने ऐसे सभी लोगों का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पार्टी में उनका पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। इस दौरान उन्होने पत्रकारें से बातचीत करते हुए कहा कि नायब सरकार की नीतियों व कार्यों में विश्वास रखते हुए विभिन्न दलों के लोग भाजपा पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों को अपना परिवार मानते हैं और उनकी सरलता, सहजता व कार्यप्रणाली से लोग निरंतर पार्टी से जुड़ रहे हैं। पूछे जाने पर पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर खूब कटाक्ष किए।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

असीम गोयल ने कहा कि उन्हें लगता है कि राहुल गांधी भारत को अपना देश ही नहीं मानते,क्योंकि देश में अगर कोई घटना होती है तो राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की साख पर बट्टा लगाते हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के समक्ष सवाल खड़ा करते हुए कहा कि, कांग्रेस के जिलाध्यक्षों का भी कुछ जमीर और देश के प्रति फर्ज होगा, इसलिए वो राहुल गांधी से जरूर पूछें कि उन्हें ऐसी ट्रेनिंग कहां दी जाती है। पंजाब के लोह सिंबली क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के ब्लॉक प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने भी भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर शामिल होने का ऐलान किया। पंजाब से भाजपा नेता एवं हल्का घनौर इंचार्ज विकास शर्मा की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के नेता अंबाला शहर पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।


मुलाना। चयनित खिलाड़ी हर्षिल के साथ कोच प्रिंस राणा।

## एक खिलाड़ी भारतीय टीम ट्रायल में चयनित

# 11 खिलाड़ियों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

■ एआर अकादमी के 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया था

दिल्ली में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग पिस्टल चैंपियनशिप में एआर शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एकेड्मी कोच प्रिंस राणा ने बताया कि राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अकादमी के कुल 17 खिलाड़ियों ने सब-यूथ, यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों की विभिन्न कैटेगरी में भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अकादमी के 11 खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर खुद को एक उभरते हुए रेनांड शूटर के रूप में स्थापित किया। अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हर्षिल का चयन भारतीय शूटिंग टीम के ट्रायल के लिए हुआ है। यह अकादमी और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कोच प्रिंस राणा ने बताया कि भारतीय टीम चयन के लिए पहला ट्रायल मैच 19 जनवरी 2026 को तथा दूसरा ट्रायल मैच 22 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। कोच ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे।

## गुरदीप सिंह ने पड़ोसी के घर में पेंट करते समय की थी हरकत

# नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले मुजरिम को पांच साल का कारावास

■ सजा से बचने के लिए एक साल तक रहा फरार, पहचान भी बदली, फिर भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में पकड़े गए आरोपी गुरदीप सिंह को अदालत ने मुजरिम करार देते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। मुजरिम पर अदालत ने पांच हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माना की अदायगी न पर मुजरिम के लिए अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। इस मामले में अदालत ने पीड़ित बच्ची को भी 50 हजार रुपये का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। दरअसल अंबाला शहर के नाहन हाउस का रहने वाला गुरदीप सिंह पेशे से पेंटर था। नबंवर 2023 में वह पेंट करने के लिए पडोस के एक घर में गया था। यहां कपड़े बदलते समय गुरदीप सिंह ने घर में मौजूद एक बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने के बाद छेड़छाड़ की थी। इसके बाद परिवार की ओर से पुलिस को मामले की शिकायत दी। आरोपी गुरदीप सिंह के खिलाफ पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे काबू किया था। बच्ची की ओर से मामले की पैरवी करने वाले एडवोकेट धंनज्य धर व सुमरदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सबूत जुटाए थे।

### सजा से बचने के लिए बदली पहचान

बच्ची से छेड़छाड़ करने के मामले में मुजरिम करार दिए गुरदीप सिंह ने सजा से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए। यहां तक की वह एक साल तक फरार रहा। नारायणगढ़ में पहचान बदलकर वह कई जगह रहा। कुछ महीने पहले ही पुलिस ने आरोपी को काबू किया था। अब अदालत ने उसके जुर्म की सजा तय की। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी करने वाले एडवोकेट धंनजय धर व एडवोकेट सुमन दीप कौर ने अदालत के फैसले पर संतोष जताते हुए कहा कि बच्चियों से ऐसी हरकतें करने वाले मुजरिमों उनके कर्म की सजा मिलना बेहद जरुरी है ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए।

### कार को आग लगाने के आरोप में चालक काबू

**अंबाला।** बलदेव नगर थाने में कार में सिलेंडर रखकर आग लगाने के मामले में सीआईए और एसटीएफ अंबाला की संयुक्त टीम ने पंजाब के पटियाला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार पटियाला का कर्मजीत सिंह को पंजाब के दो लोगों ने कार को बलदेव नगर थाने में खड़ी करने के लिए पटियाला से बुलाया था। कार चालक से पूछताछ में पता चला कि दोनों संदिग्ध अंबाला के एक होटल में एक दिन रुके भी थे। उन्होंने यहीं से तीन भरे सिलेंडर खरीदे जिनका प्रयोग कार में रखने के लिए किया जाना था। इसके बाद 10 जनवरी को चालक कर्मजीत को कार दी और थाने में खड़ी करने को कहा था। विशेष टीमों की जांच अब खालिस्तानी साजिश पर केंद्रित होती दिख रही है।

## 19 जनवरी को सीटू सीएम के नाम उपायुक्त को सौंपेगी ज्ञापन

# हाईकोर्ट के फैसले मुताबिक प्रदेश सरकार सभी कच्चे कर्मचारियों क़ो पक्का करे

■ उच्च न्यायालय ने 31 दिसंबर 2025 को दिया था अहम फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

सीटू से संबंद्ध ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की आम सभा प्रधान निर्मल सिंह की अध्यक्षता में कम्युनिटी हाल में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव रोहताश ने किया। बैठक क़ो ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान बसाउ राम व हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य उप प्रधान बाबू राम ने सम्बोधित किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायलय ने 31 दिसंबर 2025 क़ो कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं रेगुलर करने का अहम फैसला दिया है। इसमें न्यायलय ने जहां साल 1993, 1996, 2003 व 2006 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत कच्चे कर्मियों की सेवाएं नियमित करने के आदेश दिए गए है। वहीं इसमें दस साल की सेवा पूरी करने वाले सभी कच्चे कर्मियों की सेवाएं नियमित करने का भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है। कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है इसलिए इसको जल्द लागू करवाने के लिए 19 जनवरी क़ो ग्रामीण सफाई कर्मी, चौकीदार समेत सभी विभागों में काम करने वाले कच्चे कर्मचारी मिलकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त क़ो देंगे।


नारायणगढ़। मीटिंग के दौरान मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस शिविर में विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का हुआ आयोजन



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिसर में वित्तीय साक्षरता विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया जिसे प्रोफेसर डॉ. रितु चंदाना ने प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व की जानकारी दी। युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाएं हरियाणा के मुस्तफाबाद स्थित होम शेल्टर नि आसरे दा आसरा में पहुंचीं। यहां छात्राओं ने देखा कि किस प्रकार बेसहारा एवं कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जाता है। होम शेल्टर के प्रमुख ने वहां रहने वाले लोगों के वर्तमान जीवन और उनके पूर्व जीवन की परिस्थितियों की जानकारी दी, जो छात्राओं के लिए अत्यंत भावनात्मक एवं शिक्षाप्रद रही।

## वार्तालाप में विकसित भारत जीरामजी एक्ट 2025 पर मीडिया कर्मियों के मध्य होगा विचार

पंचायत भवन में किया जाएगा मीडिया वर्कशॉप 'वार्तालाप' का आयोजन

# सरकार व मीडिया के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 16 को होगा 'वार्तालाप'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रेस इंफोरमेशन ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा अपर महानिदेशक विवेक वैभव के मार्गदर्शन में 16 जनवरी को स्थानीय मीडिया कर्मियों के लिए अंबाला शहर स्थित पंचायत भवन में मीडिया वर्कशाप 'वार्तालाप' का आयोजन किया जाएगा। पीआईबी के मीडिया एवं संचार अधिकारी अहमद खान ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अपर महानिदेशक राजेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में मीडिया वर्कशाप 'वार्तालाप' का आयोजन किया जाएगा। इस वार्तालाप में उपायुक्त अजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। वार्तालाप का उद्देश्य स्थानीय मीडिया एवं सरकार के मध्य समन्वय स्थापित करना है, जिससे सरकारी योजनाओं की जानकारी के संचार को प्रभावी सुनिश्चित किया जा सकें।

खान ने बताया कि इस वार्तालाप में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय एडीजी राजेंद्र चौधरी विकसित भारत जीरामजी एक्ट 2025 और ग्रामीण विकास योजनाओं पर पत्रकारों को विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे।

### मीडिया की कार्यशैली पर होगी चर्चा

उन्होंने बताया कि स्थानीय मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित इस वार्तालाप दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी एवं समाचार पत्रों के पंजीयक कार्यालय (पीआरजीआई) एवं अन्य मीडिया इकाईयों की कार्यशैली पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वार्तालाप के माध्यम से मीडियाकर्मी अपने लेखों में सरकार की पहलों को शामिल करने हेतु अंतर्दृष्टि प्राप्त करेंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि जनता इन योजनाओं से लाभान्वित हो। यह आयोजन मीडिया और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

### योजनाओं की जानकारी दी जाएगी

इस मौके पर विभिन्न विषयों पर अधिकारियों एवं पत्रकारों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। वार्तालाप के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। मीडिया वर्कशाप स्थानीय मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने पर प्राथमिकता से ध्यान देने के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर इंटरैक्टिव सत्रों के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा पत्रकार कल्याण योजना एवं मंत्रालय की कार्यविधि के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाएगी।